हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 10 .1 डिग्री

11 रंग व्यंजन प्रतियोगिता में जीवीएम कॉलेज छाया



12 हमारे स्वस्थ जीवन का आधार हैं पेड़ : जैन



## खबर संक्षेप

### अवैध शराब की तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**गन्नौर।** क्राइम यूनिट वेस्ट टीम ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित मौसिन निवासी कैराना, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार 16 फरवरी 2026 को उप निरीक्षक आजाद अपनी टीम के साथ पिपली खेड़ा अड्डा जीटी रोड के पास मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ताऊ का हिमाचल ढाबा के पीछे खड़े एक ट्रक में अवैध शराब छिपाकर रखी गई है, जिसे बिहार ले जाया जाना था। पुलिस ने ट्रक से 3204 बोतलें बरामद कर केस दर्ज किया था।

### नकदी व आभूषण चोरी करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन सोनीपत पुलिस ने घर से नकदी और आभूषण चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिंदन निवासी बिहार हाल जनता कॉलोनी, सोनीपत का रहने वाला है। उसे न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि वह परिवार सहित दिल्ली गई हुई थी। वापस लौटने पर घर के ताले टूटे मिले और अलमारी से ढाई लाख रुपये नकद, सोने की तीन अंगूठियां, एक चांदी की चैन, एक सोने का सेट और मंगलसूत्र चोरी पाए गए।

### बिजली निगम का दरबार : 4 शिकायतें, समाधान शून्य

**सोनीपत।** बिजली से संबंधित शिकायतों को दूर करने के लिये मंगलवार को कबीरपुर स्थित बिजली निगम सर्कल कार्यालय में उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम (सीजीआरएफ) की ओर से दरबार लगाया गया। जिसमें चेयरमैन योगराज ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दरबार में केवल चार शिकायतें आई थी, लेकिन समाधान किसी भी शिकायत का नहीं हो सका। इंडस टावर व सुपरमैक्स सोसाइटी के उपभोक्ता अपनी निजी शिकायत लेकर पहुंचे थे। इस दौरान चेयरमैन योगराज ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए अगली बैठक तक उनकी समस्या का समाधान कराने का आश्वासन। त्रिवेणी कंपनी से संबंधित शिकायत पर सुनवाई हुई, लेकिन बैठक में सुनवाई के लिए संबंधित एसडीओ व कनिष्ठ अभियंता नहीं पहुंच सके। विको मेडिकल कंपनी के अधिकारी 18 लाख के बिजली बिल को लेकर शिकायत कर रहे है।

# दो माह की पेराई के बाद शुगर मिल सफाई के लिए 24 घंटे रहेगी बंद

■ अब तक हुई 11.96 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई ■ यार्ड में 5700 क्विंटल गन्ने का स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ मंगलवार सुबह 532 क्विंटल गन्ने की पेराई के बाद बंद किया काम

सोनीपत शुगर मील में करीब दो माह से ज्यादा समय से नियमित चल रही पिराई प्रक्रिया पर मंगलवार को सफाई के नाम पर 24 घंटे के लिए काम बंद कर दिया गया है। यह निर्णय शुगर मील प्रबंधन की ओर से लिया गया है। इससे पहले मंगलवार सुबह करीब 500 क्विंटल गन्ने की पिराई का कार्य पूर्ण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल शुगर मील में सफाई संबंधी कार्य को शुरू किया गया है, जिसे 24 घंटे के अंदर पूरा करवाया जाएगा। इसके बाद पुनः पिराई कार्य शुरू किया जाएगा। शुगर मील के यार्ड में फिलहाल करीब 5700 क्विंटल गन्ने का स्टॉक मौजूद है। शुगर मील प्रबंधन ने इस बार किसानों के साथ 32 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करने का लक्ष्य रखा है। अब तक करीब 11 लाख 96 हजार क्विंटल गन्ने की पिराई का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा 6 लाख क्विंटल गन्ना गोहाना शुगर मील में स्थानांतरित कर दिया गया है, किसान वहां नियमित रूप से गन्ना लेकर पहुंच रहे हैं। वहीं सोनीपत के किसानों का अब तक करीब 80000 क्विंटल गन्ना गोहाना शुगर मील में पहुंचा है। उधर प्रबंधन ने अप्रैल माह तक गन्ने की पिराई के लक्ष्य को पूरा करने का निर्णय लिया है। बता दें कि सोनीपत शुगर मील में दिसंबर माह के पहले सप्ताह में पिराई सत्र प्रारंभ किया गया था। पिराई कार्य के लगातार चलने से अब सफाई करवाना भी अनिवार्य समझा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सफाई के अभाव में पिराई की रफ्तार पर प्रभाव पड़ता है, इसीलिए किसानों को सूचना देने के बाद 24 घंटे का काम बंद किया गया है।



### प्रबंधन का किसानों को 10 प्रतिशत ओवरवेट की छूट न देने का निर्णय

सोनीपत शुगर मिल में फिलहाल किसानों को 10 प्रतिशत ओवरवेट की छूट दी जा रही थी। शुगर मील में रोजाना करीब 22 हजार क्विंटल पिराई क्षमता है, लेकिन मौजूदा पिराई सत्र में क्षमता के अनुसार कार्य नहीं हो पा रहा है। ऐसे में शुगर मील में 24 घंटे में करीब 13400 क्विंटल गन्ने की ही पिराई हो पाई। अधिकारियों ने सफाई प्रक्रिया के बाद किसानों को ओवरवेट की छूट न देने का निर्णय लिया है। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार सफाई व्यवस्था के बाद मील में पिराई कार्य की क्षमता में वृद्धि आएगी।

### सफाई के बाद दोबारा पेराई सत्र शुरू होगा

शुगर मील में गन्ना पेराई सत्र करीब दो माह से पहले प्रारंभ किया गया था। अब तक मील में करीब 12 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब सफाई के चलते 24 घंटे के लिए कार्य बंद किया गया है। सफाई का कार्य पूरा होने के बाद दोबारा गन्ना पेराई का कार्य शुरू करवाया जाएगा।
**-संजय कुमार**, एमडी, शुगर मील, सोनीपत

# कुंडली में नहीं होगा जलभराव, नई सीवरेज लाइन के लिए जल्द तैयार होगी डीपीआर

■ सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय में बैठक ■ पुरानी लाइनों की मरम्मत का भी लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ लाखों लोगों को मिलेगी राहत, मूलभूत सुविधाओं का होगा विस्तार

सेक्टर-12 स्थित सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) कार्यालय में मंगलवार को अधिकारियों ने बैठक कर कुंडली क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार व वर्तमान स्थिति पर समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता चीफ इंजीनियर कृष्ण दहिया ने की। बैठक में कुंडली नगरपालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी सहित नपा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान अधिकारियों ने कुंडली नगरपालिका क्षेत्र में बढ़ती आबादी से सामने आ रही समस्याओं जैसे बारिश के पानी की निकासी, पेयजल आपूर्ति, सीवर लाइन व्यवस्था के साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। कुंडली नगरपालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी ने क्षेत्र में बारिश के पानी की निकासी का मुद्दा उठाया। अधिकारियों ने निर्णय लिया कि कुंडली क्षेत्र में जहां-जहां सीवर लाइन की कमी है या पुरानी लाइन खराब हो चुकी है, वहां जल्द नई सीवर लाइन बिछाने व मरम्मत कार्य के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। बारिश में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अलग से ड्रेनेज योजना तैयार करने करने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार लाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने, जल क्षमता बढ़ाने पर चर्चा की गई। एसटीपी की क्षमता बढ़ाने, भविष्य के लिए नई इकाइयों की स्थापना के प्रस्ताव पर भी विमर्श किया गया। बैठक में कुंडली नगरपालिका के सह अध्यक्ष रोहित धीर सहित अधिकारी मौजूद रहे।



**सोनीपत** । सेक्टर-12 स्थित एसएमडीए कार्यालय में बैठक करते अधिकारी।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनने वाले फुट ओवरब्रिज पर चर्चा

अधिकारियों ने बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य पर विचार-विमर्श किया। साथ ही फुट ओवरब्रिज निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। फुट ओवरब्रिज निर्माण के साथ लोगों को सड़क पार करने में सुविधा मिलने के साथ अनहोनी दुर्घटनाओं से छुटकारा मिलेगा। चीफ इंजीनियर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं पर सहमति बनी है, उनके प्रस्ताव निर्धारित समयसीमा में तैयार कर उच्च स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजे जाएं।बैठक में एसडीओ मंजीत दहिया, मोहित शर्मा, अजय कुमार, सुरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, रोहतास कुमार मौजूद रहे।

## बच्चे बोले- गणित का पेपर आसान था



**सोनीपत।** सीबीएसई की मंगलवार को कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ की गई। पहले दिन कक्षा 10वीं के विद्यार्थी स्टैंडर्ड व बेसिक गणित और कक्षा 12वीं की जैव प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता, शॉर्टहेंड अंग्रेजी व हिंदी विषय की परीक्षा रही। पेपर देकर बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। विद्यार्थियों ने कहा गणित का पेपर काफी आसान था। ...विस्तृत पेज 12 पर

बेगा में टेंट हाउस में आग लगी

## मालिक बोला, किसी ने गोदाम की छत तोड़कर आग लगाई

**गन्नौर।** बेगा गांव में सोमवार रात आग लगने से टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। आग लगने के कारण टेंट हाउस के गोदाम में रखा लाखों रुपए का समान जलकर राख हो गया। टेंट हाउस के संचालक प्रदीप ने बताया कि डायल 112 पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी है कि रात को किसी अज्ञात व्यक्ति ने टेंट हाउस के गोदाम की सीमेंट के टीम से बनी छत को तोड़कर किसी ने सामान में आग लगा दी है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण उनके गोदाम में रखें 300 के करीब मेंट, 150 गद्दे, 145 रजाई ,100 कंबल,16 लोहे की कुर्सी व 300 प्लास्टिक की कुर्सी के अलावा काफी संख्या में टेंट का कपड़ा जलकर राख हो गया। टेंट हाउस के संचालक प्रदीप ने बताया कि गोदाम में आग लगने के कारण उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रदीप ने बताया कि उनके गोदाम के पास पड़ोस में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए थे जब उन्होंने सीसीटीवी चेक किए तो वह बंद मिले।



## दुष्कर्म के दोषी को बीस साल की सजा व जुर्माना

**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले की सुनवाई के बाद आरोपित को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 20 साल कैद व 32 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। गोहाना शहर थाना में अभियोजन पक्ष ने युवक के खिलाफ 17 नवंबर, 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष का कहना था कि उनकी 14 साल की बेटी 16 नवंबर, 2024 की रात साढ़े नौ बजे घर से परचून की दुकान पर गई थी। उसके बाद वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी थी। वह बेटी की तलाश करने लगे थे। रात साढ़े 10 बजे जब बेटी घर आई तो उसके बाल व कपड़े अस्त-व्यस्त थे। वह काफी देर तक बेटी से पूछते रहे, लेकिन उसने पहले कुछ नहीं बताया। आधी रात के बाद बेटी ने परिवार को बताया कि जब वह दुकान से लौट रही थी तो पड़ोस का युवक अभिषेक ने गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, तब से मामला कोर्ट में था।



## चौकीदारों को नहीं मिला वेतन, शिकायत दी

**खरखौदा।** उपमंडल के कई गांवों में चौकीदारी का काम कर रहे चौकीदारों को समय पर सेलरी नहीं मिल रही है। उन्होंने इस आशय की शिकायत उपमंडल अधिकारी नागरिक डॉ निर्मल नागर को दी है। चौकीदार सुंदरलाल बताते हैं कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण चौकीदारों की तनख्वाह का बजट महीने की 1 या 2 तारीख को विभाग के खाते में डाल दिया जाता है। लेकिन बीडीपीओ कार्यालय उनकी तनख्वाह जारी करने में पूरा-पूरा महीना निकल देता है और बजट न आने का बहाना बनाकर उनकी सैलरी समय पर नहीं दी जा रही है। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि जब भी सैलरी के लिए कार्यालय में पहुंचते हैं तो बजट का बहाना बना दिया जाता है।अभी भी जब उन्होंने डी डी पी ओ कार्यालय से संपर्क किया तो बताया गया कि पांच तारीख को बजट सरकार द्वारा डाल दिया गया था। इसके बावजूद उन्हें अभी तक सैलरी नहीं दी गई है। उपमंडल अधिकारी ने उन्हें वेतन दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है।

चार विद्यालयों के लिए 20 लाख रुपये का बजट जारी

नए शैक्षणिक सत्र से पहले आउटडोर, इनडोर व खेल मैदान को किया जाएगा विकसित

# पढ़ाई के साथ अब खेलों में भी निपुण होंगे पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी

रविंद्र ठाकुर ⏭ सोनीपत

जिला के पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाई के अलावा खेलों के माध्यम से एकलव्य तैयार करने की योजना बनाई गई है। इन विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए जिला के 4 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों को 20 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। साथ ही विद्यालय प्रबंधकों को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पहले परिसर में आउटडोर व इनडोर खेल सुविधाओं व खेल मैदानों का विस्तार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विद्यार्थी खेलों के माध्यम से भी अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकें।

प्रदेश में एजुकेशन सिटी के नाम से विख्यात सोनीपत में वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के साथ खेलों के प्रति भी अहम निर्णय लिए गए हैं। शिक्षा विभाग की ओर से नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की खेलों में प्रतिभागिता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 4 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में बहुउद्देशीय भवन (मल्टीपरपज खेल हॉल) का विस्तार करने, खेल मैदानों की स्थिति में सुधार करवाने या विकसित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसका उद्देश्य इन विद्यालयों में आउटडोर व इनडोर खेल सुविधाओं की व्यवस्था करवाना है, ताकि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को खेलों में भी निपुण बनाया जा सके।

■ हरियाणा राज्य स्कूल परिषद बच्चों के विकास के लेकर गंभीर

### एडीसी के देखरेख में चलेगी योजना

विद्यालयों के खेलों में माध्यम से राज्यस्तर से लेकर, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। इस कार्य में जिला अतिरिक्त उपायुक्त एवं परियोजना के चेयरमैन लक्षित सरीन स्वयं दिलचस्पी दिखा रहे हैं।



**सोनीपत।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम में दौड़ लगाते स्कूलों के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पांच-पांच लाख रुपये का बजट मिला

हरियाणा राज्य स्कूल परिषद, पंचकूला की ओर से 4 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में खेल व्यवस्थाओं के लिए 5-5 लाख रुपये के हिसाब से कुल 20 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है। इनमें सोनीपत के गांव बेगा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय, छतेहरा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय, गढ़ी उजाले खां स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय व गांव फरमाना स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय शामिल है। चारों विद्यालयों के प्रबंधकों राशि सौंपी गई है।

### अकबरपुर बारोटा में बनेगा कुश्ती हॉल

वर्ष 2024 में जिले में 9 पीएमश्री राजकीय विद्यालय थे, जिनकी वर्ष 2025 में संख्या बढ़कर 11 हो चुकी है। वहीं नए शैक्षणिक सत्र में जिला के गोहाना व गांव जाखौली के राजकीय कन्या विद्यालय को पीएमश्री विद्यालय का दर्जा मिल सकता है। इसके लिए मुख्यालय को पहले से ही सूची भेजी गई है। इसके बाद जिला में पीएमश्री विद्यालयों की संख्या 13 हो जाएगी। इसके अलावा अकबरपुर बारोटा स्थित पीएमश्री राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने कुश्ती हॉल बनाया जाएगा।

### खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा

जिला के चार पीएमश्री राजकीय विद्यालयों में खेलों संबंधी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा राज्य स्कूल परिषद, पंचकूला की ओर से बजट जारी कर दिया गया है। नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले विद्यालय प्रबंधकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ खेलों में प्रतिभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे विद्यार्थी खेलों में भी अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकेंगे।
**-नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी

# नेशनल हाईवे पर स्कूटी से जिम जा रहे दोस्तों को वाहन ने कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 पर मंगलवार की सुबह उस वक्त मातम में बदल गई जब एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने स्कूटी सवार दो दोस्तों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर के बाद एक युवक का सिर पूरी तरह कुचल गया और दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान बहालगढ़ की इंदिरा कॉलोनी निवासी मोहित और बढ़मलिक की दुर्गा कॉलोनी निवासी उत्तम कुमार के रूप में हुई है।

मूल रूप से उत्तराखंड के बागेश्वर निवासी मोहित (22) और बिहार के बांका जिले के उत्तम कुमार (24) बचपन के पक्के दोस्त थे। दोनों ने असावरपुर के एक निजी स्कूल से 12वीं की परीक्षा पास की थी। मोहित जहां जठेड़ी के एक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे, वहीं उत्तम अपने पिता की किराने की दुकान में हाथ बंटाते थे। मंगलवार सुबह करीब सवा छह बजे जब दोनों रोजाना की तरह पार्कर मॉल स्थित जिम के लिए निकले थे, तभी अंसल प्लाजा के समीप मौत ने उन्हें घेर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। कुंडली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि मृतक मोहित के पिता आनंद की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।




मोहित और उत्तम के फाइल फोटो


■ दोनों की मौके पर मौत, परिजनों की शिकायत पर केस

### मोहित इकलौता बेटा था, गमगीन परिवार

इस हादसे ने दो परिवारों की उम्मीदों को धराशायी कर दिया है। मोहित अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और पिछले 20 वर्षों से परिवार के साथ यहां रह रहे थे। उनके पिता आनंद गिरी और माता पिंकी क्षेत्र की एक फैक्ट्री में मेहनत-मजदूरी कर बेटे के भविष्य को संवारने में जुटे थे।

### उत्तम ने 10 जनवरी को मनाया था जन्मदिन

वहीं, उत्तम कुमार अपने परिवार में दो भाइयों में छोटे थे और हाल ही में 10 जनवरी को उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया था। उत्तम के पिता लालू कुमार शाह की बढ़मलिक की दुर्गा कॉलोनी में किराने की दुकान हैं जिसमें उत्तम कुमार हाथ बंटाते थे। लालू कुमार शाह ने बताया कि उनका बेटा एक बार जिम से लौट आया था, लेकिन दोस्त मोहित का फोन आने पर वह दोबारा उसके साथ चला गया, जो उसका आखिरी सफर साबित हुआ।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style



# मोना
## स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...


**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

टीवी मसाला




# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।




क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*नई दिल्ली। बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा से ही व्यक्ति बनेगा महान : इंदुराज नरवाल

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल (भालू) मंगलवार को सोनीपत लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के साथ गांव छपरा स्थित एक निजी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पहुंचे। समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र हरियाणवी समूह लोक नृत्य रहा। विद्यार्थियों को संबोधित करते विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है। शिक्षा ही मनुष्य को महान बनाती है। हर माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाएं जरूरी इसके लिए उनको चाहे कितनी भी मेहनत करनी पड़े।

### डॉ. श्रॉफ नेत्र जांच केंद्र का उद्घाटन आज

**गन्नौर।** आचार्य सौरभ सागर महाराज की प्रेरणा से दिगम्बर जैन तीर्थ सौरभांचल जैन गर्ल्स कॉलेज परिसर, जीटी रोड, गन्नौर में सौरभांचल चैरिटेबल अस्पताल में डॉ. श्रॉफ नेत्र जांच केंद्र का आज उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि स्वागत से होगा।

### शिविर में 50 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** गांव मदीना स्थित शिव मंदिर में 6वां वार्षिक भंडारा और रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। ग्रामीणों और शिव मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित शिविर में 50 नागरिकों ने रक्तदान किया। शिविर में रक्त संकलन के लिए रेडक्रॉस दिल्ली की टीम पहुंची। शिविर में दीप सर्विसेज अंतर्राष्ट्रीय हड्डा, नई दिल्ली के निदेशक दीपेंद्र मलिक सहित अन्य नागरिकों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। रामवीर , कुलदीप मलिक, योगेंद्र मिश्रा मौजूद रहे।

### कबड्डी में गुरुकुल बरोणा की टीम ने मारी बाजी

**खरखौदा।** नशा मुक्त अभियान के तहत गुरुकुल बरोणा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र से 12 टीमों ने भाग लिया। 55 किलो भार वर्ग के फाइनल में गुरुकुल बरोणा व फरमाना गांव की टीम का फाइनल मैच बराबर रहा। 32 किलो भार वर्ग में गुरुकुल बरोणा प्रथम व सिलाना गांव की टीम दूसरे स्थान पर रही। 42 किलो भार वर्ग में फरमाना गांव की टीम प्रथम स्थान पर रही। प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, बच्चों को नशे से बचाकर खेलों के माध्यम से उनके जीवन का निर्माण करना था।

### गन्नौर से चुलकाना धाम तक पैदल निशान यात्रा 22 को

**गन्नौर।** श्री सांवरिया परिवार सेवा समिति द्वारा आठवीं विशाल पैदल निशान यात्रा गन्नौर से बाबा श्याम चुलकाना धाम तक 22 फरवरी को सुबह 9 बजे दुर्गा विद्या मंदिर स्कूल से शुरू होगी। समिति के पदाधिकारी राजेश चौहान, राकेश जैन ,अमित कौशिक ने बताया कि यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं । इसके अलावा तीसरा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव रविवार 1 मार्च को छोटी मंडी गौशाला में मनाया जाएगा। जिसमें गायक पवन कपूर, मुकेश सोनी, रिंकल पुजारी चुलकाना धाम होंगे।

### शिखा खटक ने उत्तीर्ण की जेआरएफ-नेट की परीक्षा

**खरखौदा।** उपमंडल के गांव रिढ़ाऊ की लड़की शिखा खटक पुत्री मास्टर आनन्द सिंह खटक ने एमए प्रथम वर्ष में ही नेट के साथ साथ जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वह दीन बन्धु चौधरी छोटूराम विश्व विद्यालय में एमए अंग्रेजी प्रथम वर्ष की छात्रा हैं और एमए प्रथम वर्ष में दोनों परीक्षाएं पास करने वाली अकेली लड़की हैं। शिखा की माता एवं कांग्रेस नेत्री अंजू बाला खटक ने बताया कि उनकी बेटी बहुत मेहनत करती है। पढ़ाई में बहुत ज्यादा रुचि लेकर पढ़ती है। भाई साहिल , प्रो. राकेश व ताऊ रमेशचन्द्र ने मिठाई खिला कर शिखा का अभिनन्दन किया।

### वार्ड-17 के वेस्ट रामनगर स्थित सर्वजातीय चौपाल में लगाया शिविर

# पेयजल-सीवर कनेक्शन वैध करवाने को 1000 से ज्यादा ने जमा करवाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

शहर में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया करीब एक माह से जारी है। अब तक 1000 से ज्यादा लोगों ने अपने कनेक्शन वैध करवाने के लिए निगम कर्मचारियों को अपने आवेदन जमा करवाए हैं। नगर निगम ने मंगलवार को वार्ड-17 के वेस्ट रामनगर स्थित सर्वजातीय चौपाल व वार्ड-1 के कामी रोड स्थित बाबा धाम मंदिर के पास सैनीपुरा धर्मशाला में शिविर लगाया। शिविर में लोगों के पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए दस्तावेज जमा किए गए। दोनों जगह शिविर के माध्यम से कुल 42 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करवाए। निगम अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल 24 फरवरी तक शिविर के माध्यम से लोगों के दस्तावेज जमा किए जाएंगे। अब तक निगम को 1000 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसके बाद लोगों को फाइल नंबर मोबाइल पर मुहैया करवाकर नगर निगम कार्यालय में फीस जमा करवाने के लिए बुलाया जाएगा। निगम की ओर से 18 फरवरी को अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 18 के विकास नगर की गली नंबर 3 में शिविर लगाया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है।



**सोनीपत।** वेस्ट रामनगर स्थित सर्वजातीय चौपाल में शिविर के दौरान नगर निगम कर्मचारियों को दस्तावेज जमा करवाते लोग।

#### योजना का अवश्य लाभ उठाएं

नगर निगम क्षेत्र में काफी संख्या में पेयजल व सीवर के अवैध कनेक्शन है। फिलहाल विशेष शिविर लगाकर लोगों को अपने कनेक्शन वैध करवाने का मौका दिया गया है। अगर इस अवसर के बाद भी कोई व्यक्ति लापरवाही के चलते अपने पेयजल व सीवर संबंधी कनेक्शन वैध नहीं करवाता है, तो शिविर के पश्चात ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लोगों से अपील है कि वह नगर निगम की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

**- हर्षित कुमार**, आयुक्त, नगर निगम

#### वैध से अवैध कनेक्शन अधिक

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में अवैध कनेक्शनों का आकड़ा वैध कनेक्शनों पर भारी है। अधिकारियों की मानें तो निगम क्षेत्र में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000 है, जबकि अवैध कनेक्शनों का आकड़ा 70000 के पार है। इनमें अवैध कनेक्शनों की संख्या ज्यादा नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र रेलवे लाइन पार में है। ऐसे में लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने लोगों को अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए सुनहरा अवसर दिया है। अगर फिर भी लोग मामले में लापरवाही बरतते हैं तो शिविर के बाद ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

#### जरूरी दस्तावेज

- घर की रजिस्ट्री
- प्रॉपर्टी आईडी बिल
- पानी का मीटर (जीएसटी बिल सहित)
- पानी के मीटर की फोटो
- आधार कार्ड की प्रति
- एक पासपोर्ट साइज फोटो

## कैलाश चंद्र शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भावात्मक भक्ति का महत्व बताया



**सोनीपत।** जीवन नगर स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर के सामने मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास कैलाश चंद्र शास्त्री ने भावात्मक भक्ति के माध्यम से प्रभु श्री कृष्ण को प्राप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन केवल विषय-वस्तुओं के भोग में नहीं बिताना चाहिए, बल्कि यह जीवन कृष्ण भक्ति के लिए मिला है। मनुष्य भौतिकवादी जीवन शैली के मायाजाल में फंसकर प्रभु भक्ति से दूर होता जा रहा है और अपना जीवन व्यर्थ कर लेता है। कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा के माध्यम से भगवान कृष्ण स्वयं भक्तों को दर्शन प्रदान करते हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कृष्ण भक्ति में लीन होकर जीवन को सफल बनाना चाहिए। कथा में उपस्थित सभी भक्तजन बड़े मनोयोग से कथा श्रवण कर भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं। आज बरसाना लड्डू की होली का महोत्सव भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

## यूजीसी कानून को लागू करवाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

यूजीसी कानून लागू करवाने की मांग को लेकर पिछड़ा एवं अनुसूचित वर्ग के लोग मंगलवार को शहर में समता चौक के समीप स्थित भगवान वाल्मिकी आश्रम में एकत्रित हुए। समाज के लोग यहां से जुलूस की शक्ल में उपमंडलीय परिसर पहुंचे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में एसीपी राहुल देव को सौंपा गया। मुख्य वक्ता पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच के राष्ट्रीय संयोजक महेन्द्र पांचाल ने कहा कि यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालयों में पढने वाले पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के संरक्षण के लिए एक आवश्यक कानून लाया गया है। पिछले दिनों जीएमइआर मेडीकल कालेज गुजरात में एक अनुसूचित समाज के छात्र अनिल मेथानिया की उत्पीडन के चलते मौत हो गई थी। इससे पहले भी समाज के कई विद्यार्थियों का उत्पीडन किया गया। समाज के प्रतिनिधि महावीर कश्यप ने कहा कि इस कानून को शीघ्र लागू किया जाए। इस अवसर पर विशेष भिवानी से गणेशी लाल वर्मा, रमेश सैनी, रघुवीर विरोधिया, शेर सिंह बेडवाल, मुख्तियार सिहं दांगी, सोमपाल सेन, धर्मवीर मदीना, ओमप्रकाश मेहरा, सुरेन्द्र यादव, सुभाष चंद्र आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

#### जीवीएम को मिला 5100 रुपये का पुरस्कार

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के तत्वावधान में हुई रंग व्यंजन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाली जीवीएम गर्ल्स कालेज की टीम को 5100 रुपये की पुरस्कार राशि से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने इसके लिए कालेज की टीम को बधाई दी। विवि में रंग बहार महोत्सव के तहत रंग व्यंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। जीवीएम की संयोजक प्राध्यापिका अर्चना खुरान व सह-संयोजक प्राध्यापिका ले. प्रियंका ने बताया कि रंग व्यंजन प्रतियोगिता में देशी खान-पान संबंधी स्पर्धाएं होती हैं। दौरान इंटर विवि युवा महोत्सव में एमडीयू का प्रतिनिधित्व करने वाली जीवीएम की टीमों को महोत्सव के दौरान प्रस्तुति के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया। इनमें इंटर विवि की नृत्य प्रतियोगिता में जीवीएम की टीम ने विवि को चौथा स्थान तथा कोरियोग्राफी में चौथा स्थान और वाद-विवाद में पांचवां स्थान दिलाया।

## इंस्पेक्टर ने बेटे की सगाई में एक रुपया स्वीकार कर पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

समीपवर्ती गांव सिसाना में आयोजित सगाई समारोह सामाजिक मूल्यों और सादगी का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया। समारोह वर रौनक दहिया पुत्र इंस्पेक्टर रोहतास दहिया के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिसमें वधू पक्ष कैथल से सपरिवार उपस्थित हुआ। इस अवसर पर एम एस बिट्टा जो एंटी टेररिस्ट फ्रंट के प्रमुख हैं तथा स्पेशल सेल दिल्ली के एसीपी एलएम नेगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अति विशिष्ट अतिथियों ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की। समारोह के दौरान एक अत्यंत भावुक और सराहनीय क्षण तब आया जब वधू पक्ष द्वारा सगाई के उपलक्ष्य में 5 लाख 51 हजार रुपये नकद भेंट स्वरूप प्रदान किए गए, किन्तु दूल्हे के पिता इंस्पेक्टर रोहतास ने समाज के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करते हुए इस राशि को विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया।



**खरखौदा।** पांच लाख से अधिक राशि वापस करते इंस्पेक्टर रोहतास।

#### साहित्य को समर्पित नेशनल सेमिनार का आयोजन

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के इंग्लिश एवं हिंदी विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को मल्टी लैंगवल लिटरेचर के जरिए इंटरकल्चरल कम्युनिकेशन विषय पर एक दिवसीय नेशनल सेमिनार का आयोजन कॉलेज के कांफ्रेंस हॉल में किया गया। इस सेमिनार को हरियाणा उच्च शिक्षा निदेशालय पंचकूला द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस सफल आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने विशेष रूप से बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह के स्वागत संबोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने बहुभाषी साहित्य की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष प्रो. रणदीप राणा, वरिष्ठ प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने उद्घाटन भाषण देते हुए साहित्य को संस्कृतियों के मध्य सेतु बताया।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्या साथ में अन्य।

## सीवरेज पाइपलाइन का कार्य लंबे समय से पड़ा अधूरा, क्षेत्रवासी हो रहे परेशान

- मेनहोल ऊंचे होने से बढ़ी समस्या रास्ता दुरुस्त करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

पुलिस लाइन के पीछे डाली जा रही सीवरेज पाइपलाइन का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे क्षेत्रवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधूरा कार्य आवागमन में बाधा बना हुआ है, वहीं स्वच्छता व्यवस्था भी चरमराती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क को खोदकर बीच में ही छोड़ दिया गया है। वर्तमान स्थिति में वहां से केवल किसी तरह एकल दोपहिया वाहन ही निकल पा रहा है, जबकि कार, ऑटो, ई-रिक्शा व अन्य तीनपहिया एवं चारपहिया वाहनों के लिए रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध है। इससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और दैनिक कामकाजी लोगों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को और गंभीर बनाते हुए क्षेत्र में बने सीवरेज मेनहोल गली के स्तर से काफी ऊंचे छोड़े गए हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



**सोनीपत।** मेनहोल के पास विरोध प्रदर्शन करते स्थानीय निवासी।

### स्वर्ण जयंती समारोह में पूर्व एसपी किए सम्मानि

**खरखौदा।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व विद्यार्थी अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पूर्व छात्र, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोच, द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित एवं राष्ट्रपति पुलिस पदक से अलंकृत सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह को खेल एवं प्रशासन के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर अनूप सिंह को सम्मानित किया गया। अनूप सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गुरुओं और साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## कर हितैषी ऐप को लेकर जिला व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

- नियमों का पूर्ण पालन करने और अन्य व्यापारियों को भी जागरूक करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरियाणा सरकार द्वारा कर प्रणाली में पारदर्शिता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किए गए कर हितैषी ऐप के संबंध में जिला उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्रीकर) अरविंद कुमार ने मंगलवार को जिला व्यापार मंडल सोनीपत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में अरविंद कुमार ने बताया कि कर हितैषी ऐप एक जनहितकारी पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य जीएसटी व्यवस्था में पारदर्शिता लाना और टैक्स चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इस ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक या व्यापारी अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए जीएसटी से संबंधित अनियमितताओं जैसे बिना बिल बिक्री, फर्जी बिलिंग, बिना पंजीकरण व्यापार या अन्य कर उल्लंघन की शिकायत फोटो, वीडियो अथवा दस्तावेजों सहित ऑनलाइन दर्ज कर सकता है।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान आयुक्त के साथ जिला व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### अब राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे युवा

# हरियाणा कोर्फबाल संघ को मान्यता मिलने पर जताई खुशी

*राज्य में उभरते खेलों को प्रोत्साहन देना संघ की प्राथमिकता रहेगी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरियाणा के खेल जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हरियाणा ओलंपिक संघ ने हरियाणा कोर्फबाल एसोसिएशन को आधिकारिक रूप से सदस्य के रूप में मान्यता दी है। हरियाणा कोर्फबाल एसोसिएशन के सचिव प्रवीन कुमार ने बताया कि कोर्फबाल को मान्यता मिलने से हरियाणा के साथ जिला के खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। मान्यता मिलने से अब हरियाणा कोर्फबाल संघ राज्यस्तर की प्रतियोगिता के आयोजन, खिलाड़ियों के चयन, प्रशिक्षण शिवर व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए अधिकृत रहेगा।



**सोनीपत।** पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में कोर्फबाल खेल का अभ्यास करते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

#### खेल से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

सोनीपत के वरिष्ठ कोर्फबॉल खिलाड़ी सचिन मेहला ने बताया कि कोर्फबॉल को मान्यता मिलने से खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। कोर्फबॉल में सोनीपत के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता कर चुके हैं। इनमें खिलाड़ी पूजा रानी, प्रिंस मेहला, सचिन मेहला, मंजू, वीर हुडा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने करीब 6 माह पहले एशियन गेम्स में प्रतिभागिता करते हुए छठी रेंक हासिल की थी, जबकि इससे पहले यह रेंक 14 नंबर पर थी। हरियाणा कोर्फबॉल संघ के महासचिव प्रवीण कुमार ने मान्यता के लिए हरियाणा ओलंपिक संघ के प्रधान कप्तान जसविंद्र मीनू बैनीवाल का आभार जताया। साथ ही युवाओं को इस अंतरराष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मान्यता के बाद नई प्रतिभाओं की खोज करने में मदद मिलेगी। राज्य में उभरते हुए खेलों को प्रोत्साहन देना संघ की प्राथमिकता रहेगी। साथ ही खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना उद्देश्य रहेगा।

#### भैरा में व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**राई।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव भैरा निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पहुंचकर दोबारा कार्रवाई की मांग उठाई है। इस संबंध में विनय सिंह ने पुलिस प्रशासन को शिकायत देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि उनके पिता स्व. रोहताश कुमार, जो सेवानिवृत्त कंडक्टर थे, 2 फरवरी की शाम अपने प्लांट में बने कमरे में सोने गए थे। अगले दिन 3 फरवरी की सुबह जब परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे तो वह मृत अवस्था में मिले। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और आवश्यक कार्रवाई की। परिजनों का आरोप है कि अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियों से मिलकर भी गुहार लगाई है और जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।



**राई।** गांव के सरपंच जयराम शर्मा के साथ कमिश्नर कार्यालय पहुंचे परिजन व ग्रामीण।

## खबर संक्षेप

### वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तमन्ना ने बनाया कीर्तिमान

**खरखौदा।** मोदीनगर (उ.प्र.) में आयोजित नेशनल जूनियर, यूथ एवं सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल की खिलाड़ी तमन्ना ने जूनियर वर्ग के 69 किलोग्राम भार वर्ग में असाधारण प्रदर्शन करते हुए न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया। तमन्ना ने सीनियर वर्ग में कांस्य पदक तथा इंटर-स्टेट प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। उसने इससे पूर्व भी खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो बार स्वर्ण पदक जीता है और राष्ट्रीय स्तर पर अब तक 6 पदक हासिल किए हैं।

### शिविर में 48 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**खरखौदा।** सेवाभावी बिजेन्द्र जांगड़ा की सुपुत्री रिद्धि के कुआं पूजन अवसर पर ठाकुर जी की रसोई के धर्मशाला प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 48 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य "एक रक्तदान, बचाए चार जान" के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। ठाकुर जी की रसोई के सेवक अमित सिंगला द्वारा अत्यंत मधुर एवं भावपूर्ण संकीर्तन तथा श्रीमद्भागवत कथा का पाठ किया गया। इस दौरान उपस्थित रहे प्रमुख व्यक्तियों में शक्ति ठेकेदार, सोमबीर आर्य, नरेश पाराशर, शमशेर दहिया उर्फ धम्मल फौजी, कृष्ण दरोगा, देवेंद्र जांगड़ा, मास्टर जयभगवान के नाम शामिल हैं।

## जिलेभर में 20 हजार ज्यादा विद्यार्थी दे रहे इम्तिहान

# सीबीएसई परीक्षा : खिलखिलाते चेहरे के साथ विद्यार्थी बोले 'आसान था पेपर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

केंद्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से मंगलवार को कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ की गई। पहले दिन कक्षा 10वीं के विद्यार्थी स्टैंडर्ड व बेसिक गणित और कक्षा 12वीं की जैव प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता, शॉर्टहेंड अंग्रेजी व हिंदी विषय की परीक्षा रही। सभी केंद्रों पर विद्यार्थियों ने कड़ी मॉनिटिरिंग व सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया। पेपर देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकले विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। विद्यार्थियों ने कहा कि प्रश्नपत्र उनकी तैयारी के अनुरूप काफी सरल था, जिसे उन्होंने निर्धारित समयावधि में ही पूरा कर लिया गया। इस साल कक्षा 10वीं व 12वीं सीबीएसई की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 2300 का इजाफा हुआ है। वर्ष 2025 की बात करें तो जिले में 30 केंद्रों पर करीब 18500 परीक्षार्थी सीबीएसई की कक्षा 10वीं व 12वीं की वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए थे। इस साल सीबीएसई ने सोनीपत में कक्षा 10वीं व 12वीं के करीब 20800 विद्यार्थियों के लिए 33 परीक्षा केंद्रों बनाए हैं। इस वर्ष विद्यार्थियों की सुविधा के लिए क्षेत्र अनुसार आसपास 3 नए परीक्षा केंद्र भी बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इन पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने स्टैंडर्ड व बेसिक गणित विषय पेपर दिया, जबकि कक्षा 12वीं से संबंधित विषयों के विद्यार्थी नहीं थे। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से पेपर संपन्न हुआ।



सोनीतप। परीक्षा केंद्र पर पेपर के बाद खुशी से झूमते हुए बाहर आते विद्यार्थी।

### प्रवेश पत्र दिखाने के बाद केंद्र में जाने की मिली अनुमति

सीबीएसई बोर्ड ने अधिकांश परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में बनाए हैं। सभी केंद्रों पर सुबह 10 बजे अधिकतर विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए अपने परिजनों के साथ पहुंचे। केंद्र के मुख्य गेट पर विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने के बाद अंदर जाने की अनुमति दी गई। सभी केंद्रों पर ठीक सुबह 10:30 बजे परीक्षा प्रारंभ की गई। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे परीक्षा देकर बाहर लौटे, तो उनके चेहरों पर खुशी की मुस्कुराहट झलकती दिखी।

### गृह विज्ञान व शारीरिक शिक्षा की परीक्षा आज

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के तहत बुधवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थी गृह विज्ञान व कक्षा 12वीं के विद्यार्थी शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा देंगे। दोनों कक्षाओं की परीक्षा की अवधि 3 घंटे रहेगी। विद्यार्थियों को सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होने वाली परीक्षा से आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षाओं के अंतर्गत नियमित जांच के बाद ही विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा।

### परीक्षा से बाहर आने पर यह बोले विद्यार्थी

**पेपर बहुत आसान लगा**



आज मेरा स्टैंडर्ड गणित विषय का पेपर था। पेपर बहुत ही आसान लगा, जिसे समय पर पूरा कर लिया था। शिक्षिका के साथ सुबह 10 बजे सेक्टर-15 में परीक्षा केंद्र पर पहुंच गई थी। गेट पर प्रवेश पत्र जांच के बाद अंदर जाने की अनुमति दी गई।

*रिया, कक्षा 10वीं*

**परीक्षा देकर खुशी हो रही**



परीक्षा देकर काफी खुशी महसूस हो रही है। परीक्षा के लिए पहले से अच्छी तैयारी की थी। आज पेपर बहुत ही आसान था, जिसे निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर लिया था, लेकिन शिक्षकों ने सभी के साथ बाहर जाने के लिए कहा था।

*-दिशा, कक्षा 10वीं*

**छह महीने की तैयारी**



गणित विषय थोड़ा कठिन है, लेकिन परीक्षा से 6 माह पहले ही कड़ी मेहनत शुरू कर दी थी, तो आप पेपर मुश्किल नहीं लगा। हमेशा शिक्षकों के साथ परिजनों ने भी पढ़ाई में सहयोग किया। अब अगले विषय की परीक्षा की तैयारी करूंगा।

*एशले, कक्षा 10वीं*

**समय पर किया पेपर**



परीक्षा देकर काफी अच्छा लग रहा है। इस बार पहले से ज्यादा नंबर लाने के लिए शुरू से तैयारी कर रहा था। परीक्षा से पहले थोड़ा डर लग रहा था, लेकिन प्रश्न पत्र सामने आते ही बहुत आसान लगा, जिससे समय पर पूरा पेपर कर लिया था।

*-मनीष, कक्षा 10वीं*



### नगरपालिका 2026-27 वित्त वर्ष के लिए 34.45 करोड़ रुपये के बजट पर लगी मुहर

**गन्नौर ।** नगर पालिका की वर्ष 2026-27 की अनुमानित बजट बैठक मंगलवार को पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पार्षदों ने भाग लिया और बजट प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। बैठक में बताया गया कि इस बार किसी प्रकार का नया कर नहीं लगाया गया है। आय का प्रावधान पिछले वर्ष की प्राप्तियों को ध्यान में रखकर किया गया है। स्वीकृत बजट के अनुसार 1 अप्रैल 2026 को पालिका के पास लगभग 2.62 करोड़ रुपये शेष रहेंगे। इस वर्ष के दौरान करीब 31.83 करोड़ रुपये आय का प्रावधान रखा है। नगरपालिका की कुल आय लगभग 34.45 करोड़ रुपये रहेगी। वर्ष 2026-27 में करीब 30.22 करोड़ रुपये खर्च होने का प्रस्ताव रखा गया है। 31 मार्च 2027 तक लगभग 4.22 करोड़ रुपये शेष रहने की संभावना जताई गई है।

## निगम चुनाव में जिताऊ उम्मीदवारों को उतारेगी कांग्रेसः दीवान

- अशोक विहार में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्षों ने चुनावी रणनीति पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मंगलवार को अशोक विहार की गली नंबर-1 (वार्ड नंबर-20) में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने मुख्य रूप से शिरकत की और क्षेत्रवासियों के साथ आगामी नगर निगम चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में शहरी जिला अध्यक्ष कमल दीवान ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इस बार नगर निगम चुनाव को लेकर बेहद गंभीर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस बार नगर निगम चुनाव में केवल जिताऊ और टिकाऊ उम्मीदवारों को ही मैदान में उतारेगी। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ऐसे चेहरों का चयन किया जाएगा जो क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठा सकें और जनता के बीच जिनकी पकड़ मजबूत हो। ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया ने कहा कि वर्तमान सरकार की कार्यशैली से जनता त्रस्त है और अब बदलाव चाहती है।



सोनीपत। अशोक विहार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे जिलाध्यक्ष कमल दिवान।

### घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार किया

*उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभी से घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता रणवीर मलिक द्वारा किया गया, जिन्होंने वार्ड-20 की स्थानीय समस्याओं से जिला अध्यक्षों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान सांगठनिक मजबूती और चुनावी तैयारियों पर मंथन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महासचिव राजेश बोरिया सेवली, सचिव देवेंद्र राठधाना, लीलू प्रधान, सचिन, जयवीर राठी, सचिव अमित मंडल, जयबीर आंतिल सहित भारी संख्या में वार्ड वासी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।*



### हमारे स्वस्थ जीवन का आधार हैं पेड़ : जैन

**सोनीपत।** निवर्तमान नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा है कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए हर नागरिक को एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसका पालन पोषण बच्चों की तरह करना चाहिए। पेड़ हमारे स्वस्थ जीवन का आधार है। राजीव जैन ने शनि मंदिर के सामने सिथत पार्क में पौधारोपण करने के बाद नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने मनीष ट्री की टीम द्वारा लगाए गए 100 पौधों की नलाई, गढ़ाई, खाद एवं पानी की सेवा भी की। इसके बाद पार्क में पड़े कूड़े की साफ़ सफाई भी की गई। जैन ने पौधारोपण अभियान से जुड़े राष्ट्रीय कैडेट कोर के 100 सदस्यों को मैडल देकर सम्मानित किया। मनीष ट्री ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए आसपास खाली जमीन में पौधरोपण करने का संकल्प लेना चाहिए।

### सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में रहा बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया।

### जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रेंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, परिधी जैन ने 99.33, नमन गुप्ता ने 99.32, आदित्य ने 99.30 परसेंटाइल अंक प्राप्त किए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और झारखंड के जरूरतमंदों का किया उपचार

# एनएमओ के चिकित्सक दल ने आदिवासी क्षेत्रों में 10 दिन तक दी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नेशनल मेडिकोज एसोसिएशन (एनएमओ) द्वारा हरियाणा के विभिन्न मेडिकल कालेजों के चिकित्सकों का दल देश के आदिवासी क्षेत्रों में भेजा गया। यह दल 10 दिन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर वापस लौट आया। दल ने असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और झारखंड के दूरस्थ गांवों में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों का उपचार किया। चिकित्सकों ने सामान्य रोगों की जांच, आवश्यक दवाइयों का वितरण, गर्भवती महिलाओं व बच्चों की स्वास्थ्य जांच और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया। साथ ही स्वच्छता, पोषण और मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कई स्थानों पर पहली बार विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम पहुंची, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली। सेवा कार्य से लौटने के बाद दल ने एनएमओ हरियाणा के संरक्षक डा. योगेंद्र मलिक बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कालेज में पहुंचकर मुलाकात कर अपने अनुभव साझा किए। चिकित्सकों ने बताया कि दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।



गोहाना। एनएमओ हरियाणा के संरक्षक डा. योगेंद्र मलिक अपने अनुभव साझा करते हुए।

### ग्रामीणों ने किया स्वागत

*उन्होंने यह भी बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद स्थानीय लोगों का सहयोग, आत्मीयता और विश्वास अत्यंत प्रेरणादायक रहा। ग्रामीणों ने चिकित्सकों का गर्मजोशी से स्वागत किया और स्वास्थ्य शिविरों में बड़ी संख्या में पहुंचकर लाभ उठाया। डा. योगेंद्र मलिक ने कहा कि चिकित्सकों द्वारा स्वेच्छा से आदिवासी अंचलों में जाकर सेवा देना राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एनएमओ भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा अभियानों को जारी रखेगा ताकि देश के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकें।*

## खबर संक्षेप



### बास्केटबाल मुकाबले में विवेक सदन ने ध्येय सदन को हराया

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 9 तक की छात्राओं के मध्य अंतर-सदन बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता करम, विवेक सदन, ध्येय और शौर्य सदन की टीमों के बीच हुई। पहला मुकाबला करम सदन और विवेक सदन के बीच खेला गया। मैच रोमांचक रहा, जिसमें विवेक सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 अंकों से जीत दर्ज की। इस मैच में रीत को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। उन्होंने 6 बास्केट कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दूसरा मुकाबला ध्येय सदन और शौर्य सदन के बीच हुआ। ध्येय सदन ने सधे हुए खेल और मजबूत रक्षा के बल पर 8 बास्केट से विजय प्राप्त की। भुवि ने 4 बास्केट बनाकर अपनी टीम को मजबूती दी और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं। फाइनल मुकाबला विवेक सदन और ध्येय सदन के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 बास्केट से फाइनल अपने नाम कर लिया। युविका ने 4 अंक अर्जित कर टीम की जीत सुनिश्चित की और फाइनल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं।



### विवि की 4 स्वयंसेविकाओं का एडवेंचर कैंप के लिए हुआ चयन

**गोहाना।** भगत फूल सिंह राजकीय महिला विश्वविद्यालय (विवि) की चार स्वयंसेविकाओं का चयन हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगने वाले 10 दिवसीय एडवेंचर कैंप के लिए किया गया। विवि की एनएसएस समन्वयक डा. बबीता ने बताया कि शिविर 26 फरवरी 2026 तक अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान में आयोजित किया जाएगा। इसमें छात्रा तान्या, नैंसी कुमारी, नंदनी व निशा भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि ये छात्राएं विश्वविद्यालय की सक्रिय एवं उत्कृष्ट स्वयंसेविकाएं हैं, जिन्होंने विभिन्न सामाजिक, स्वच्छता, जागरूकता एवं सामुदायिक सेवा गतिविधियों में निरंतर सहभागिता निभाई है। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे साहसिक शिविर नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, साहस, अनुशासन और टीम भावना का विकास करते हैं।



गन्नौर। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सोनीपत लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा मुलाकात करते हुए।

### विकसित भारत' को सफल बनाने के लिए सीएम के प्रयासों को सराहा

**गन्नौर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के सोनीपत लोकसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंगलवार को उनके निवास संत कबीर भवन में शिष्टाचार भेंट की। आजाद सिंह नेहरा ने प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट 'विकसित भारत' को सफल बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रदेश में आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा वृद्धावस्था पेंशन को बढ़ाकर 3200 रुपये करने तथा बकाया राशि जारी करने की घोषणा का भी स्वागत किया गया। आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के बुजुर्गों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे लाखों लाभार्थियों को राहत मिलेगी और सरकार की जनहितकारी सोच का परिचय मिलता है।



### भारत विकास परिषद प्रतियोगिता में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित भारत विकास परिषद की प्रतियोगिताओं में बहु-प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार जीते। विद्यालय के छोटे-बड़े दोनों वर्गों के बच्चों ने गायन, नृत्य, समूह-गान, ललित प्रदर्शन और भारत को जानो जैसे कई आयोजन में उत्कृष्ट परिणाम दिये। मुख्य परिणामों में देशभक्ति गीत गायन में रिधि ने प्रथम व मान्या ने तीसरा, राष्ट्रीय समूह गान में निधि, मान्या, भूमिका व रिद्धि ने प्रथम, मेंहदी रचाओ में दीपाली ने तृतीय, ललित परिधान में हार्दिक ने प्रथम व अवि ने प्रोत्साहन, भारत को जानो प्रतियोगिता में रिद्धि, लिकिता, दीपाली व विराज ने तृतीय, लोकनृत्य प्रतियोगिता में मानसी, निधि, उर्मी, जिया व एनी ने प्रोत्साहन पुरस्कार आदि जीते। विद्यालय प्रबंधक अजय यादव और प्राचार्य अरुण गौतम ने बधाई दी।



### बैठक में छात्रों की 17 समस्याओं का मौके पर किया समाधान

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रकाश सिंह ने छात्रों की 17 प्रमुख समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तय समय सीमा में कार्य पूरा नहीं होने पर जवाबदेही तय की जाएगी और कड़ी कार्रवाई होगी। कुलपति की अध्यक्षता में छात्रों के साथ बैठक आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने एक-एक कर सभी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तुरंत कुलपति सचिवालय बुलाया। बैठक के बाद कुलगुरु ने विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर समस्याओं को मौके पर देखा और लिखित निर्देश जारी किए। कुलपति ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति, वाई-फाई समस्या के समाधान, तय रेट पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने, स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाइयां रखने और पुस्तकालय सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए।